# सायरन के साथ शुरु हुई सफाई

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर देश में नम्बर-1 बनाने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है जिसके तहत रविवार को शहर के व्यावसायिक स्थल चांदनी चौक, माणक चौक, डालू मोदी बाजार, पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैण्ड, गायत्री टॉकिज रोड राम मंदिर आदि क्षेत्रों में सायरन के साथ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया।

ज्ञातव्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम का नाम पर देश में नम्बर 1 लाने के लिए शनिवार को सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल (एसबीएम सेल) में आयोजित बैठक में तय किया गया था कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करेगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाल के माध्यम से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम को अव्वल बनाने के तमाम प्रयासों की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने उपस्थित निगम अमले, पत्रकारों और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहा कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर जोर दिया गया। इसके साथ ही नाले और नालियों में कचरा निपटान करने वाले लोगों पर स्पॉट फाईन जैसी कार्रवाई, लोगों की मानसिकता बदलने और लोगों को अपने आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

## सायरन के साथ शुरू हुई सफाई

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर देश में नम्बर-1 बनाने के लिए नगर निगम द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे है, जिसके तहत रविवार को शहर के व्यावसायिक स्थल चांदनी चौक, माणक चौक, डालू मोदी बाजार, पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैण्ड, गायत्री टॉकिज रोड राम मंदिर आदि क्षेत्रों में सायरन के साथ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया।

के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## लाईनमेन मनीष निनामा का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। प्रकाश विभाग के लाईनमेन मनीष पिता लालुराम निनामा जिनकी ड्यूटी जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर फटका एवं बैलिंग मशीन पर लगाई गई थी बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

रतलाम । आगामी नगर पालिका एवं पंचायतों के निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी तक लिए जा रहे हैं।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम राहुल धोटे, अभिषेक गहलोत, कामिनी ठाकुर, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, अभय जैन, पीयूष बाफना, समरथ चौहान, एम.एल.नगावत तथा जिले के तहसीलदार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दावा आपत्ति केंद्रों पर प्राप्त करना आरंभ कर दिए गए हैं, जो आगामी 15 फरवरी की दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। आयोग द्वारा दावा आपत्ति के संबंध में निर्धारित आवेदन पत्रों के प्रारूप में परिवर्तन कर नए प्रारूप ईआर-1 परिवर्धन हेतु, ईआर-2 विलोपन हेतु तथा ईआर-3 संशोधन के लिए जारी किए गए हैं। यह सभी आवेदन पत्र प्राधिकृत कर्मचारी के पास उपलब्ध रहेंगे।

नवभारत

# शहर के 49 वार्डों में 2.19 लाख मतदाता

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को सूची का प्राथमिक प्रकाशन कर दिया गया। प्रदेश निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची अपलोड कर दी गई। प्रारंभिक सूची में रतलाम नगर निगम सीमा में कुल 219796 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इसमें 109907 पुरुष जबकि 109885 महिलाएं व 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। अब 15 फरवरी तक दावे-आपत्ति व 20 फरवरी तक निराकरण के बाद सूची अंतिम प्रकाशन के लिए शासन को भेजी जाएगी। 3 मार्च को अंतिम प्रकाशन होगा।

**भाजपा की भोपाल में बैठक आज**

निगम चुनाव को लेकर बनाई गई भाजपा की समिति की बैठक 9 फरवरी को भोपाल में होगी। समिति में रतलाम से पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को भी लिया गया है। डागा घोषणा पत्र समिति के भी सदस्य हैं। लगातार बैठक कर भाजपा ने वार्ड स्तर पर अपनी तैयारी का पहला चरण पूरा कर लिया है। इधर कांग्रेस में भी बैठकों का दौर जारी है। मतदाता सूची आने के बाद वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक दावेदार भी सक्रिय हो गए हैं। नईदुनिया

# निकायों और पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित

भोपाल, (प्रसं)। मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों की प्रारूप्ण मतदाता सूची जनवरी 2021 की स्थिति में निर्धारित केंद्रों तक सोमवार को प्रकाशित कर दी गई है।

प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्तियां प्राप्त किए जाने की कार्यवाही 15 फरवरी तक की जाएगी। दावे आपत्तियां प्राप्त किए जाने के लिए प्राधिकृत कर्मचारी - नगरीय निकायों में वार्ड-वार और पंचायत में संबंधित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय और संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपना नाम अवलोकन के लिए प्राधिकृत कर्मचारी (बीएलओ) से संपर्क किया जा सकता है। ऐसे व्यक्ति जो जनवरी 2021 को 18 वर्ष के हो गए हैं, वे केंद्र पर जाकर निर्धारित फार्म भरकर जमा करा दें। पिछली बार जो लोग अपना नाम नहीं जुड़वा पाए वे भी आवेदन कर सकते हैं। नाम एवं पता आदि में संशोधन भी करा सकते हैं।

## नगरीय निकाय के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची जारी



भोपाल। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों की प्रारूप (प्रारंभिक) मतदाता सूची सोमवार को प्रकाशित कर दी गई है। यह सूची जनवरी 2021 की स्थिति के अनुसार है। इस सूची पर 15 फरवरी तक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। इसके लिए नगरीय निकायों में वार्डवार और पंचायत में संबंधित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय और संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। - ब्यूरो

# मतदाता सूची : दावे व आपत्तियां 15 तक

भोपाल ● नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची जनवरी 2021 की स्थिति में निर्धारित केन्द्रों तक 8 फरवरी 2021 को प्रकाशित कर दी गई है। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां प्राप्त किए जाने की कार्रवाई 15 फरवरी तक की जाएगी। दावे-आपत्तियां प्राप्त किए जाने के लिए प्राधिकृत कर्मचारी नगरीय निकायों में वार्डवार और पंचायत में संबंधित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय और संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध हैं।

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार--नईदुनीया पृष्ठ ..14.. दिनांक..09/02/..2021

## 109 दिनों में ठीक किए 141 वॉल्व और 714 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 109 दिनों में 141 वॉल्व व 714 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

सोमवार को नेहरू नगर, निराला नगर, सिद्धार्थ नगर, मुखर्जी नगर टंकी भरने वाली लाइन, ओसवाल नगर, तेजा नगर धोबी की धर्मशाला के पास, राम मंदिर के सामने, कॉन्वेंट स्कूल बगीचे के बाहर, हाकिमवाड़ा, कोठारीवास, समता परिसर, ऊंकाला रोड पर पाइप लाइन लीकेज के अलावा ईश्वर नगर सप्लाय लाइन व दीनदयाल नगर एफ सेक्टर का वॉल्व ठीक किया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई। नईदुनिया

## कलीमी कॉलोनी में लगेगा बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की शुरुआत सोमवार से की गई। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिए 09 फरवरी को कलीमी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के लिए 3 से 10 फरवरी तक राजेंद्र नगर में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा। नईदुनिया

## लाईनमेन मनीष निनामा का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। प्रकाश विभाग के लाईनमेन मनीष पिता लालुराम निनामा जिनकी ड्यूटी जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर फटका एवं बैलिंग मशीन पर लगाई गई थी बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 08 दिनांक 09/02/2021

**निकाय चुनाव की नई मतदाता सूची** • नाम कटाने के लिए राजनीतिक दल नहीं लगा सकेंगे आवेदन

# 11 वार्ड में घटे 2160 वोटर, 38 में बढ़े, 2 बूथ भी कम हुए, अब 270 पर होगा मतदान

## अंतिम तारीख 15 फरवरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मार्च-अप्रैल में संभावित नगरीय निकाय चुनावों के लिए सोमवार को 219796 मतदाता वाली प्रारंभिक सूची जारी हो गई। इसमें शहर के 49 वार्डों में से 11 में मतदाताओं की संख्या घट गई है। पिछली परिषद में इनमें से 9 भाजपा के जबकि दो कांग्रेस के खेमे में थे। सबसे ज्यादा 650 मतदाता वार्ड 41 में, जबकि सबसे कम 7 मतदाता वार्ड 33 में कम हुए हैं। वहीं स्थानीय निर्वाचन ने 2 बूथ भी कम कर दिए हैं। अब चुनाव में 270 पर मतदान होगा।

देर शाम सूची मिलने के बाद राजनीतिक दलों ने पड़ताल शुरू कर दी है। खास बात यह है कि पार्टियां इस बार सिर्फ नाम जुड़ाने के साथ आपत्ति लगाकर मतदाताओं को एक से दूसरे वार्ड में शिफ्ट ही करा सकेंगे। किसी मतदाता का नाम नहीं कटा सकेंगे। इसके लिए मतदाता को ही आवेदन करना होगा। इसके लिए अंतिम तारीख 15 फरवरी है। 20 फरवरी तक निराकरण करने के बाद 3 मार्च को फाइनल सूची जारी हो जाएगी।

## नई व्यवस्था के तहत मतदाताओं को ही लगाना होंगे अब आवेदन

| वार्ड का नाम | पुरानी | नई |
|---|---|---|
| 1 गांधीनगर | 5221 | 5227 |
| 2 लक्ष्मणपुरा | 5405 | 5528 |
| 3 राजीव गांधी | 4020 | 4300 |
| 4 इंदिरा गांधी | 4768 | 4594 |
| 5 विनोबा भावे | 6017 | 6185 |
| 6 इंद्रलोक नगर | 4418 | 4637 |
| 7 अलकापुरी | 5256 | 5216 |
| 8 राजगढ़ नयागांव | 7568 | 7917 |
| 9 रत्नपुरी | 6666 | 6536 |
| 10 डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी | 5570 | 5744 |
| 11 प्रेमनाथ डोंगरे नगर | 5210 | 5398 |
| 12 कस्तूरबा नगर | 4141 | 4162 |
| 13 आंबेडकर नगर | 3959 | 4052 |
| 14 डॉ. कैलासनाथ काटजू | 3585 | 3641 |
| 15 सुभाष नगर | 4514 | 4657 |
| 16 डॉ. राधाकृष्ण | 3930 | 3994 |
| 17 खेतलपुर | 3223 | 3336 |
| 18 टाटा नगर | 4574 | 4644 |
| 19 धीरज शाह नगर | 7907 | 8054 |
| 20 दीनदयाल नगर | 4656 | 4750 |
| 21 सिलावटों का वास | 3321 | 3371 |
| 22 भक्तपुरी | 5012 | 5067 |
| 23 रामगढ़ | 4253 | 4098 |
| 24 सागर चबूतरा | 5994 | 6035 |
| 25 मालीकुआं | 4254 | 4519 |
| 26 धानरिया बाजार | 4197 | 4064 |
| 27 हाकिमवाड़ा | 5922 | 6044 |
| 28 अर्जुन नगर | 3662 | 3893 |
| 29 आनंद कॉलोनी | 5463 | 5667 |
| 30 भक्तन की बावड़ी | 4590 | 4433 |
| 31 जगजीवन राम नगर | 4040 | 4114 |
| 32 पं. मोतीलाल नेहरू | 2622 | 2640 |
| 33 डॉ. लाल बहादुर शास्त्री | 4478 | 4471 |
| 34 लोकेंद्र भवन | 3568 | 3317 |
| 35 जवाहर | 2758 | 2822 |
| 36 डॉ. राजेंद्र प्रसाद | 2857 | 3210 |
| 37 डॉ. जाकिर हुसैन | 4287 | 4324 |
| 38 मौलाना आजाद | 3959 | 4339 |
| 39 नगर निगम | 3210 | 3069 |
| 40 राजमहल | 2900 | 2994 |
| 41 महारानी लक्ष्मीबाई | 3668 | 3018 |
| 42 गफूर वार्ड | 3059 | 3234 |
| 43 रानी दुर्गावती | 2879 | 3406 |
| 44 डॉ. सैयदना | 3339 | 3473 |
| 45 चांदनी चौक | 4594 | 4542 |
| 46 संत कबीर दास | 4213 | 4221 |
| 47 मोमिनपुरा | 4654 | 4751 |
| 48 महर्षि वेदव्यास | 4101 | 4162 |
| 49 वेदव्यास | 3431 | 3482 |

## किस वार्ड में कितने मतदाता घटे

| वार्ड | मतदाता घटे |
|---|---|
| 4 | 174 |
| 7 | 40 |
| 9 | 130 |
| 23 | 155 |
| 26 | 133 |
| 30 | 157 |
| 33 | 7 |
| 34 | 251 |
| 39 | 141 |
| 41 | 650 |
| 45 | 52 |

▪ *देर शाम को सूची मिली है। विसंगतियां दिखाई दी हैं। मंगलवार को वार्ड वार अध्ययन करने के बाद आपत्तियां लगाएंगे।*
**दिनेश शर्मा**, स्थानीय चुनाव प्रभारी भाजपा

▪ *मतदाताओं के नाम इधर-उधर हुए हैं। फिजिकल वेरिफिकेशन करेंगे। कांग्रेस के वार्डों का।*
**महेंद्र कटारिया**, जिलाध्यक्ष-कांग्रेस

भास्कर

**कोरोना वैक्सीन** : सरकारी अमले की बड़ी चूक सामने आई

# निगम के कर्मचारियों के नाम के आगे लिख दिया एक ही नंबर, मैसेज नहीं पहुंचे

- नए-पुराने कलेक्टोरेट और घटला कॉलोनी में एक भी कर्मचारी ने टीका नहीं लगवाया
- सिर्फ 21.74% लोगों ने ही लगवाई वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में सोमवार को बड़ी गलती सामने आई है। रजिस्ट्रेशन के दौरान नगर निगम के सभी कर्मचारियों के नाम के आगे एक ही व्यक्ति का नंबर लिख दिया। इससे ना तो कर्मचारियों को मैसेज मिले, नाही फोन लगाकर बुलवाया जा सका। अन्य विभाग के कर्मचारियों ने भी पहले दिन केंद्रों पर टीके लगवाने में रुचि ही नहीं ली। नए और पुराने कलेक्टोरेट और घटला कॉलोनी में बने केंद्र में तो एक भी कर्मचारी टीका लगवाने के लिए नहीं पहुंचा।

नगर निगम के 461 कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। रजिस्ट्रेशन के लिए नाम नगर निगम ने ही अपडेट किए। पहले दिन 150 कर्मचारियों को वैक्सीन लगना थी। लेकिन 15 कर्मचारी ही वैक्सीन लगवाने के लिए आए। बड़ा कारण ये ही बताया जा रहा है कि एक ही नंबर होने से कर्मचारियों को मैसेज ही नहीं मिल सके। इधर, जो कर्मचारी केंद्र पर पहुंचे, लिस्ट में उनका नाम ढूंढने में भी माथापच्ची होती रही, एक कर्मचारी का नाम ढूंढने के लिए सभी 461 नाम देखने पड़े। इधर, नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने मामले की जानकारी से ही इनकार किया।




इस तरह अलग-अलग नामों के आगे दिखा एक ही नंबर।

## 2120 में से 461 ने लगवाई वैक्सीन

जिले में पहले दिन 2120 लोगों को वैक्सीन लगाइ जाना थी। लेकिन, सिर्फ 461 कर्मचारी ही वैक्सीन लगवाने के लिए आए। डीआरपी लाइन - 1 में सिर्फ 5 लोगों को टीके लगे। इधर, मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में 20-20 लोग और रेलवे अस्पताल में 11 लोग टीकाकरण के लिए आए। डीआरपी लाइन-2 में 68 लोगों ने वैक्सीन लगवाई।

**पहले दिन 48.5% स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लगवाए थे टीके-** जिले में टीकाकरण की शुरुआत 16 जनवरी से हुई थी। पहले दिन 48.5% स्वास्थ्य कर्मचारियों ने टीके लगवाए थे। जबकि, पुलिस और पंचायत के कर्मचारियों का 21.74 प्रतिशत ही टीकाकरण हुआ।

# स्वच्छता अपनाएं, दूर रहेंगी बीमारियां

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरुकता कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने लिया संकल्प

**रतलाम स्वच्छता कोई काम नहीं है, जो पैसे कमाने के लिये किया जाए बल्कि, ये एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपनाना चाहिये। स्वच्छता पुण्य का काम है जिसे जीवन का स्तर बढ़ाने के लिये, एक बड़ी जिम्मेदारी के रुप में हर व्यक्ति को इसका अनुकरण करना चाहिये। अपने आस-पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता आदि करनी चाहिये। स्वच्छता रहेगी तो हमसे बीमारियां दूर रहेगी।**

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– अवन्तिका पृष्ठ 02 दिनांक 09/02/2021

# जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड व अटल उद्यान का आयुक्त द्वारा निरीक्षण

दैनिक अवंतिका ● रतलाम



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बने इस हेतु नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील व निगम अधिकारियों के साथ किया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा पृथक्कीकरण व वृहद स्तर पर खाद बनाने हेतु चर्चा की गई।

इसके अलावा कचरा पृथक्कीकरण हेतु लगाई गई फटका व बेलिंग मशीन का अवलोकन कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाये। करमदी रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर निगम द्वारा विकसित किये गये उद्यान का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया ने डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील को करवाकर बताया कि निगम द्वारा वहां पर कचरे के ढेर पर उद्यान विकसित किया गया है जिससे कचरे का निपटान होने के साथ ही नगर के नागरिकों को शहर का सबसे बड़ा उद्यान प्राप्त हुआ।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

अवन्तिका

स्वच्छता अभियान में निगम के नवाचार जारी

# शहर की स्वच्छता की जिम्मेदारी अब महिलाओं के हाथ में होगी

## समूह बनाकर जगाएंगे स्वच्छता का अलख

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. देशभर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर आने की कवायद कर रही नगर निगम ने कई नवाचार किए हैं। अब इसी कड़ी में आगे की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए शहर के 49 वार्डों में महिलाओं से दीपदान करवाने व रांगोली बनवाने के बाद अब वार्डों की स्वच्छता की बागडोर महिलाओं के हाथ में सौंपने की तैयारी चल रही है। इसके लिए अलग-अलग वार्डों में महिलाओं के समूह बनवाकर गंदगी करने से रोकने का कार्य किया जाएगा।

जिस तरह से नगर निगम चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दल निकाय चुनाव लड़वाने के लिए महिला प्रत्याशी की तलाश करते है, अब उसी तरह से नगर निगम महिलाओं की तलाश कर रहा है। इसके लिए समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को प्राथमिकता देने की तैयारी चल रही है। इतना ही नहीं, नगर निगम ने इसके लिए वार्डों में काम करने वाले स्वच्छता प्रहरियों को यह जवाबदारी भी सौंप दी है। इसके अंतर्गत जिन वार्डों में सबसे अधिक शिकायत महिलाएं गंदगी होने, कचरा वाहन नहीं आने की शिकायत करती है, उनको ही मोहल्ले में बेहतर स्वच्छता रहे इसकी जवाबदेही दी जाएगी। इतना ही नहीं, इन महिलाओं से समय समय पर स्वयं निगम के आला अधिकारी फीडबैक लिया जाएगा।

वार्डों में प्रयास है कि स्वच्छता के लिए अलख जगाने के लिए महिलाओं का समूह बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए मोहल्ले की प्रभावशाली महिलाओं को नेतृत्व सौंपा जा रहा है। हमारा प्रयास है कि चाहे जो हो, लेकिन इस बार पूरा रतलाम मिलकर स्वच्छता के लिए योगदान दे व सर्वेक्षण में हम नंबर एक पर आए। **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## इसी माह में पूरा करने का लक्ष्य

नगर निगम के आला अधिकारियों के अनुसार महिलाओं के समूह बनाने के कार्य को इसी माह पूरा करने का लक्ष्य लिया गया है। इसके लिए हर वार्ड में दो से तीन टीम लीडर रहेंगी। इनका कार्य मोहल्ले के विभाजन अनुसार स्वच्छता का कार्य बेहतर हुआ या नहीं यह देखना रहेगा। इसके अलावा कोई स्वच्छता होने के बाद अगर सड़क पर कचरा डालता है या गंदगी करता है तो वे फोटो लेकर इसकी सूचना नगर निगम के आला अधिकारियों को तय मोबाइल नंबर पर वाट्सएप पर देंगी। निगम के अनुसार 49 में से करीब 10 वार्डों में समाजसेवी महिलाओं का चयन किया गया है व शेष वार्डों में 15 फरवरी तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। पत्रिका

## जीएफसी स्टार रेटिंग के आवेदन अब 11 तक

रतलाम | स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत होने वाले गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग के नगर निगम अब 11 फरवरी तक आवेदन कर सकेगी। कई नगर निगम आवेदन नहीं कर पाए। इसका मुख्य कारण ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट नहीं आना रहा। भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राज एक्सप्रेस पृष्ठ 10 दिनांक 09/02/2021

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए मैदानी अफसरों को निर्देश

# प्रदेश के विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदान करें

## मिलावट और अपराधों के विरुद्ध अभियान जारी रहे

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अधिकारी-कर्मचारी पूरी क्षमता, समर्पण, ईमानदारी और परिश्रमपूर्वक कार्य कर प्रदेश की जनता के कल्याण को सुनिश्चित करें। कलेक्टर्स और अन्य अधिकारी और उनका अमला अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान करें। विकास के लिए हम सब एक हैं। यदि हमारे प्रयासों में कोई कमी रह जाती है तो यह प्रदेश के अहित होने का पाप भी होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के जिलों के कलेक्टर्स और सभी कमिश्नर्स, आईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों से प्रथम सत्र में संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्धारित एजेंडा के अनुसार वीसी द्वारा मासिक समीक्षा होती रहेगी। माह में 29 दिवस कार्य और एक दिन समीक्षा का कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मासिक समीक्षा सुशासन का भी एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने मिलावटियों और माफियाओं के विरुद्ध पूरी ताकत से अभियान जारी रखने को कहा। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस उपस्थित थे।

**अच्छे कार्य के लिए पीठ थपथपाएंगे:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की पीठ थपथपाई जाएगी। जो अधिकारी परिणाम नहीं देंगे तो वे उन पदों पर आसीन नहीं रहेंगे। निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा भी की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि उनकी दृष्टि में सभी समान हैं। मन में किसी तरह का राग-द्वेष किसी के लिए नहीं है।

**एक माह में टूटे 137 बड़े अतिक्रमण:** कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश में भूमाफिया, गुंडा, बदमाश, अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाने वाले जिलों में देवास, छतरपुर, सिवनी, झाबुआ, निवाड़ी शामिल हैं। एक जनवरी से 31 जनवरी तक 695 गुंडों पर कार्रवाई की गई जिसमें 37 पर एनएसए लगाया गया।



सोमवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कलेक्टर, कमिश्नर, आईजी, डीआईजी और एसपी के साथ समीक्षा की।

### माफिया के विरुद्ध जारी रहे कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि माफिया के विरुद्ध पूरी सख्ती से कार्यवाही जारी रहे। चिन्हित अपराधों पर अच्छी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के लिए तीन जिलों बैतूल, सतना, रीवा को मुख्यमंत्री ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुमशुदा बच्चों को तलाशने का कार्य अच्छा हुआ है। साइबर क्राइम भी इसी तत्परता से रोके जाएं। कॉन्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने जानकारी दी कि 12 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के साथ हुए बलात्संग के प्रकरणों में गत चार वर्ष में 25 मामलों में मृत्युदण्ड की सजा सुनाई गई है। इन मामलों में आरोपियों ने न्यायालयों में अपील की है जिसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। महिला अपराध के अपराधियों तथा आदतन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बालिकाओं के अपहरण प्रकरणों की समीक्षा की गई। जनवरी 2021 में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के फलस्वरूप कुल 2632 बालक-बालिकाओं की जानकारी प्राप्त कर उन्हें उनके परिवार तक पहुंचाने का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुलिस के इन प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने ऐसे परिवारों को अधिकार पत्र दिए जाने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए ताकि नाबालिग बालक-बालिकाओं की बरामदगी के संबंध में हो रहे प्रयासों से उनके परिजन अवगत रहें। कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि नाबालिग बालक-बालिकाओं के गायब होने के मामलों में बैतूल, अशोकनगर, होशंगाबाद और सीहोर जिलों में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। इन जिलों को प्रकरणों में 75 से 90 प्रतिशत सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने इन जिलों को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों का सामाजिक, मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी करवाया जाए। बालिकाओं को सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा चलाया जा सम्मान कार्यक्रम सराहनीय है। जागरूकता के प्रयास निरंतर चलना चाहिए।

की भूमि मुक्त करवाई गई। माफिया के खिलाफ कार्यवाही के दौरान गरीब और कानून का पालन करने वालों को कहीं परेशान न होना पड़े, यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

**पूरी ताकत से चलाएं मिलावट के विरुद्ध अभियान:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध संचालित अभियान पूरी ताकत से जारी रखा जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में

है। कुल 46 दोषी व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। कुल 1.36 करोड़ का मिलावटी पदार्थ जप्त किया गया। कुल 10 प्रकरण एन.एस.ए (रासुका) के दर्ज किए गए हैं। दो व्यक्तियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की गई। खाद्यान्न और राशन की कालाबाजारी के विरुद्ध भी 137 प्रकरणों में 7.99 करोड़ का खाद्यान्न जप्त किया गया है। इसके लिए दोषी 08 व्यक्तियों के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की गई।

## मुख्यमंत्री ने कहा अवैध खनन, परिवहन रोकें, राजस्व बढ़ाएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि सख्ती से अवैध उत्खनन और परिवहन रोका जाए। प्रबल इच्छा शक्ति से ये कार्य कर सार्थक परिणाम दें। उन्होंने वैध रेत खनन कार्य में खनन मात्रा वृद्धि के लिए कटनी, खरगौन, रायसेन को बधाई दी। उन्होंने अच्छा परफॉर्म करने वाले अन्य जिलों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भोपाल संभाग में की गई पहल सराहनीय है जिसके अंतर्गत चैक पोस्ट पर वैधता और ओवर लोड संबंधी चैकिंग की जाती है। रेत खनिज के परिवहन में वैध मात्रा में बढ़ोत्तरी का सबसे अच्छा कार्य रायसेन, खरगौन और शिवपुरी में जिलों में हुआ है। इसके अलावा सीहोर में भी इस कार्य में अच्छी सफलता मिली है। कमिश्नर भोपाल ने कवीन्द्र कियावत ने बताया कि अकेले सीहोर जिले से दिसम्बर माह की 09 करोड़ की राजस्व प्राप्ति बढ़कर जनवरी माह में 20 करोड़ हो चुकी है। भोपाल संभाग में राजस्व प्राप्ति बढ़ रही है। इंदौर जिले में वाहनों में क्षमता से अधिक रेत परिवहन करने के लिए वाहनों में लगाए गए अतिरिक्त पटिए को काटने का अभियान चलाया गया।

## उपार्जन और उपभोक्ता कल्याण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में हुए धान उपार्जन कार्य और किसानों को किए गए भुगतान की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने मुरैना कलेक्टर से बाजरा खरीदी से संबंधित शिकायतों पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसान हित सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्वालियर और अन्य जिलों के कलेक्टर्स से खाद्यान्न उपार्जन में अनियमितता पर दर्ज मामलों की जानकारी प्राप्त की। वीसी में मुख्यमंत्री ने अन्न उत्सव, बायोमेट्रिक सत्यापन से राशन वितरण और ग्वालियर में दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों को उनके घर तक खाद्यान्न पहुंचाने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पात्रता पर्ची पर खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था की भी समीक्षा की।

२१५

# नगर पालिकाओं, पंचायतों की मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी तक लिए जाएंगे

## निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



आगामी नगर पालिका एवं पंचायतों के निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी तक लिए जा रहे हैं। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, एसडीएम राहुल धोटे, अभिषेक गहलोत, श्रीमती कामिनी ठाकुर, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, अभय जैन, पीयूष बाफना, समरथ चौहान, एम.एल.नगावत तथा जिले के तहसीलदार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दावा आपत्ति केंद्रों पर प्राप्त करना आरंभ कर दिए गए हैं, जो आगामी 15 फरवरी की दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। आयोग द्वारा दावा आपत्ति के संबंध में निर्धारित आवेदन पत्रों के प्रारूप में परिवर्तन कर नए प्रारूप ईआर-1 परिवर्धन हेतु, ईआर-2 विलोपन हेतु तथा ईआर-3 संशोधन के लिए जारी किए गए हैं। यह सभी आवेदन पत्र प्राधिकृत कर्मचारी के पास उपलब्ध रहेंगे।

कलेक्टर ने बताया की दावा आपत्ति लेने के लिए बूथ लेवल अधिकारी अपने निर्धारित बूथ पर प्रातः 10.30 से शाम 5.30 बजे तक प्राप्त करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जो भी बीएलओ अपनी ड्यूटी में कोताही बरतेंगे उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाई की जाएगी।

बताया गया कि परिवर्तन दावा केवल मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई मतदाता अपने नाम सूची के एक वार्ड से दूसरे वार्ड में अंतरित करना चाहता है तो उसके द्वारा भी इस प्रारूप में दावा आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार विलोपन आपत्ति की जानकारी में बताया गया कि ऐसी आपत्ति केवल ऐसा ही व्यक्ति कर सकता है जिसका नाम संबंधित नगर पालिका या पंचायत की मतदाता सूची में पहले से ही सम्मिलित है, अर्थात जो संबंधित नगर पालिका या पंचायत का मतदाता है संशोधन आपत्ती के तहत यह आपत्ति मतदाता सूची में सम्मिलित किसी प्रविष्टि के ब्यौरे जैसे मकान नंबर, नाम, पिता, पति का नाम, आयु के संबंध में अशुद्धि या त्रुटि पर आपत्ति हो सकती है। ऐसी आपत्ति केवल वही व्यक्ति कर सकता है जिससे संबंधित प्रविष्टि है। इसके लिए किसी अन्य मतदाता के समर्थन की आवश्यकता नहीं है।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन नगर पालिकाओं के वार्ड तथा अन्य विभिन्न स्थानों पर किया गया है। अब 8 फरवरी से 15 फरवरी की दोपहर 3:00 बजे तक दावा आपत्ति केंद्रों पर दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 20 फरवरी दावा आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि रहेगी। 23 फरवरी निराकृत दावा आपत्ति आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि की अंतिम तिथि रहेगी। इसी तिथि को दावे आपत्ति की चेक लिस्ट तैयार की जाएगी। आगामी 27 फरवरी को फोटो रहित अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। आगे 3 मार्च को फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका, वार्डों तथा अन्य स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची प्रदान की गई। प्रसा।२०।

## निर्वाचन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई

# नगर पालिकाओं, पंचायतों की मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी तक लेंगे

पत्रिका करंट इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. आगामी नगर पालिका एवं पंचायतों के निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। इसमें उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक लिए जा रहे हैं। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचंद्र डाड ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दावा आपत्ति केंद्रों पर प्राप्त करना आरंभ कर दिए गए हैं।

आयोग द्वारा दावा आपत्ति के संबंध में निर्धारित आवेदन पत्रों के प्रारूप में परिवर्तन कर नए प्रारूप ईआर-1 परिवर्धन के लिए, ईआर-2 विलोपन के लिए तथा ईआर-3 संशोधन के लिए जारी किए गए हैं।




### लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने कहा कि जो भी बीएलओ अपनी ड्यूटी में कोताही बरतेंगे उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिवर्तन दावा केवल मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई मतदाता अपने नाम सूची के एक वार्ड से दूसरे वार्ड में अंतरित करना चाहता है तो उसके द्वारा भी इस प्रारूप में दावा आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

यह सभी आवेदन पत्र प्राधिकृत कर्मचारी के पास उपलब्ध रहेंगे। दावा आपत्ति लेने के लिए बूथ लेवल अधिकारी अपने निर्धारित बूथ पर सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक प्राप्त करेंगे।

इसी प्रकार विलोपन आपत्ति की जानकारी में बताया कि ऐसी आपत्ति केवल ऐसा ही व्यक्ति कर सकता है जिसका नाम संबंधित नगर पालिका या पंचायत की मतदाता सूची में पहले से ही सम्मिलित है, अर्थात जो संबंधित नगर पालिका या पंचायत का मतदाता है संशोधन आपत्ती के तहत यह आपत्ति मतदाता सूची में सम्मिलित किसी प्रविष्टि के ब्यौरे जैसे मकान नंबर, नाम, पिता, पति का नाम, आयु के संबंध में अशुद्धि या त्रुटि पर आपत्ति हो सकती है। ऐसी आपत्ति केवल वही व्यक्ति कर सकता है जिससे संबंधित प्रविष्टि है। इसके लिए किसी अन्य मतदाता के समर्थन की आवश्यकता नहीं है।

### विभिन्न स्थानों पर किया प्रकाशन

मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन नगर पालिकाओं के वार्ड तथा अन्य विभिन्न स्थानों पर किया गया है। अब 8 से 15 फरवरी की दोपहर 3 बजे तक दावा आपत्ति केंद्रों पर दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 20 फरवरी दावा आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि रहेगी। 23 फरवरी निराकृत दावा आपत्ति आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि की अंतिम तिथि रहेगी। दावे आपत्ति की चेक लिस्ट तैयार की जाएगी।

### प्रारूप मतदाता सूची दी

27 फरवरी को फोटो रहित अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। आगे 3 मार्च को फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका, वार्डों तथा अन्य स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची प्रदान की गई। बैठक में एसपी गौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

5 पत्रिका

रतलाम जिला

**शहर विकास के लिए कदम** • ग्राम जुलवानिया से बिबड़ौद तक आकार लेगा विशेष निवेश क्षेत्र

# प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा निवेश क्षेत्र मंजूर करवाने पर शहर विधायक का अभिनंदन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर से सटे ग्राम जुलवानिया से बिबड़ौद तक बनने वाले प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े 1800 हेक्टेयर का विशेष निवेश क्षेत्र स्वीकृत करवाने पर सोमवार को भाजपा की मंडल इकाइयो और वार्ड कार्यकर्ताओं ने विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया।

समारोह महामंडलेश्वर श्री चिदंबरानंद सरस्वतीजी महाराज के सान्निध्य में हुआ। विधायक काश्यप ने समारोह में शहर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, करणशीर्ष बड़गोत्या, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा ने विधायक काश्यप का साफा पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। साथ ही अभिनंदन पत्र भी भेंट किया। प्रारंभ में विधायक काश्यप ने कार्यकर्ताओं के समक्ष आगामी पांच सालों में होने वाले विकास कार्यों का प्रजेंटेशन भी दिया गया। कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, शैलेंद्र डागा, दिनेश शर्मा, अरूण राव, अनिता कटारिया, सोमेश पालीवाल, मोहनलाल भट्ट, मनोज शर्मा, प्रदीप उपाध्याय व अन्य उपस्थित रहे।

## रतलाम को मालवा का प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक केंद्र बनाएंगे : काश्यप




विधायक काश्यप को अभिनंदन करते मंडल अध्यक्ष।

अभिनंदन समारोह में विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा जनता ने दो बार विधायक चुनकर जो दायित्व सौंपा है, उसकी पूर्ति में कभी पीछे नहीं रहेंगे। यह सम्मान उनका नहीं उस दायित्व का ही सम्मान है। रतलाम को मालवा का प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक केंद्र बनाएंगे, जिससे उसे पुराना वैभव पुनः प्राप्त होगा। रतलाम में 1800 करोड़ की लागत से बनने वाला निवेश क्षेत्र शहर के वर्तमान भौगोलिक आकार से दोगुना होगा। देश में ऐसे 7 बड़े निवेश क्षेत्र बनेंगे। राज्य सरकार ने रतलाम का चयन किया है। प्रत्येक के लिए एक हजार करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

**विधायक के प्रति जनता का ऐसा लगाव कहीं नहीं देखा - चिदंबरानंदजी**

महामंडलेश्वर स्वामी श्री चिदंबरानंद सरस्वती ने कहा ने कहा सालों से नगर में आ रहे हैं। देश भर में कई स्थानों पर जाते हैं, लेकिन विधायक के प्रति जनता का ऐसा लगाव कहीं नहीं देखा। विधायक काश्यप जनता द्वारा दिए दायित्व का बखूबी निर्वाह कर रहे हैं। कर्म के प्रति निष्ठा और दायित्व निर्वाह करते हुए मुझे देश में दो ही व्यक्तित्व नजर आए। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है, दूसरे विधायक काश्यप।

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ---पृष्ठ 13 दिनांक 09/02/2021

# टीका लगवाने के लिए भटकते रहे अधिकारी और कर्मचारी

पत्रिका सोशल वैल्यू

## दूसरे दौर में 6 हजार से अधिक सफाईकर्मी, पुलिस और राजस्व अमले को लगेगा टीका



रतलाम. जिले में कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर दूसरे दौर की प्रि या सोमवार से शुरू हो गई है। दूसरे चरण में जिले के छह हजार से अधिक सफाईकर्मी, पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारियों को टीके लगना है। कोरोना योद्धाओं को पिछली बार कोविशील्ड नाम की वैक्सीन लगाई गई थी लेकिन इस बार यह बदलकर कोवाक्सिन आई है। इसके पहले चरण में 8 हजार से अधिक फंटलाइन वर्करों को यह लगना थी।

### परेशानियां अधिक

दूसरे चरण की प्रक्रिया की शुरुआत सोमवार से हुई लेकिन इस दिन कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल जिन कर्मचारियों के पास टीका लगवाने के लिए एसएमएस पहुंचे थे वे जब टीका लगवाने के लिए केंद्र पर पहुंचे तो वहां की सूची में उनके नाम ही नहीं थे। ऐसे में टीका लगाने वाली टीम के द्वारा इन्हें दूसरे सेंटर पर भेजा गया लेकिन जब वहां पहुंचे तो वहां भी इनके नाम नहीं मिलने से इनके द्वारा नाराजगी जताई गई।

### पहले चरण में 8 हजार से ज्यादा नाम थे

कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर पहले दूर की सूची में 8 हजार से अधिक लोगों के नाम शामिल थे। इनमें से 7 हजार से अधिक लोग अब तक टीका लगवा चुके हैं जबकि शेष बचे लोग सेंटर पर पहुंचते हैं तो उन्हें भी टीके लगाए जा रहे हैं। वही दूसरे चरण में यह संख्या घटकर 6 हजार से अधिक रह गई। अब इन लोगों को टीके लगने के बाद नई सूची जारी की जाएगी जिसमें शुगर और बीपी सहित गंभीर बीमारियों के मरीज शामिल रहेंगे। पत्रिका

पुराना-नए कलेक्टोरेट और रेलवे चिकित्सालय के दूसरे केंद्र पर एक भी टीका नहीं लगा

# दूसरे चरण का पहला दिन : 2122 लोगों को बुलाया, टीका लगवाने 463 ही पहुंचे

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण के पहले दिन सोमवार को 463 लोगों को टीका लगाया, जबकि 2122 को बुलाया गया था। पुराना कलेक्टोरेट, नया कलेक्टोरेट और रेलवे चिकित्सालय केंद्र दो में एक भी टीका नहीं लगा है। इन तीनों केंद्रो पर 450 लोगों को बुलाया गया था। कुल 22 प्रतिशत लोगों को 27 वायल में टीका लगाया।

टीकाकरण के लिए जिले में 15 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शहर में शासकीय मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय पटला कॉलोनी, पुराना कलेक्टोरेट, नया कलेक्टोरेट, डीआरपी लाइन में दो केंद्र हैं।

इसी तरह सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सिविल हॉस्पिटल जावरा में दो केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा,



सैलाना और बाजना को केंद्र बनाया गया है। दूसरे चरण में राजस्व विभाग, पुलिस, नगर निगम व नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी को टीका लगाया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि सोमवार को 22 प्रतिशत टीकाकरण हुआ है। सभी केंद्रों में कर्मचारी तैनात थे, लेकिन पंजीकृत लोग कम आए। जिन लोगों का पंजीयन हुआ है, उन्हें टीका लगवाना चाहिए। नईदुनिया

## 243 रिपोर्ट में छह पॉजिटिव मिले

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सोमवार को मेडिकल कॉलेज की लैब और रैपिड एंटीजन की 243 रिपोर्ट में छह नए कोरोना पॉजिटिव मिले। जिले में संक्रमितों की कुल संख्या 4374 हो गई है। स्वस्थ होने वाले 4235 हैं, जबकि मृतकों की संख्या 81 है।

फरवरी के आठ दिन में 34 मरीज मिले और 43 स्वस्थ हुए, जबकि एक की मौत हुई। एक्टिव मरीजों की संख्या 58 है। फरवरी में नए मरीज कम मिल रहे हैं और स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक है। जनवरी के आठ दिन की तुलना में तो तीन गुना अंतर आ गया है। जनवरी के आठ दिन में 102 नए मरीज मिले थे और 164 एक्टिव थे। फरवरी में 34 मिले और 58 एक्टिव हैं।

# जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व अटल उद्यान का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण



रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बने इस हेतु नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील व निगम अधिकारियों के साथ किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील को जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा पृथक्कीकरण व वृहद स्तर पर खाद बनाने हेतु चर्चा की गई। इसके अलावा कचरा पृथक्कीकरण हेतु लगाई गई फटका व बेलिंग मशीन का अवलोकन कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाये। करमदी रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर निगम द्वारा विकसित किये गये उद्यान का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया ने डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील को करवाकर बताया कि निगम द्वारा यहां पर कचरे के ढेर पर उद्यान विकसित किया गया है जिससे कचरे का निपटान होने के साथ ही नगर के नागरिको को शहर का सबसे बड़ा उद्यान प्राप्त हुआ। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

# सायरन के साथ शुरु हुई सफाई

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाकर देश में नम्बर-1 बनाने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है जिसके तहत रविवार को शहर के व्यावसायिक स्थल चांदनी चौक, माणक चौक, डालू मोदी बाजार, पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैण्ड, गायत्री टॉकिज रोड राम मंदिर आदि क्षेत्रो में सायरन के साथ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया।

ज्ञातव्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम का नाम पर देश में नम्बर 1 लाने के लिए शनिवार को सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल (एसबीएम सेल) में आयोजित बैठक में तय किया गया था कि रविवार से नगर निगम का समूचा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करेगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम को अव्वल बनाने के तमाम प्रयासो की जानकारी देने आए विशेषज्ञों ने उपस्थिति निगम अमले, पत्रकारों और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके सहज और सरल तरीके से समझाते हुए कहा कि स्वच्छता क्रांति में शहर के हर व्यक्ति को जोड़ा जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर जोर दिया गया। इसके साथ ही नालों और नालियों में कचरा निपटान करने वाले लोगों पर स्पॉट फाईन जैसी कार्रवाई, लोगों की मानसिकता बदलने और लोगों को अपने आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

उत्तमगति

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 01 दिनांक 09/02/2021

# पीआईयू टीम के साथ ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचे आयुक्त

## कचरे से बनने वाली खाद में तेजी लाने के निर्देश दिए

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बने इस हेतु नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ.हिमांशु शुक्ला, श्री सुशील व निगम अधिकारियों के साथ किया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ.हिमांशु शुक्ला, श्री सुशील को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा पृथक्कीकरण व वृहद स्तर पर खाद बनाने हेतु चर्चा की गई। इसके अलावा कचरा पृथक्कीकरण हेतु लगाई गई फटका व बेलिंग मशीन का अवलोकन कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाये। करमदी रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर निगम द्वारा विकसित किये गये उद्यान का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया ने डॉ.हिमांशु शुक्ला, श्री सुशील को करवाकर बताया कि निगम द्वारा यहां पर कचरे के ढेर पर उद्यान विकसित किया गया है जिससे कचरे का निपटान होने के साथ ही नगर के नागरिको को शहर का सबसे बड़ा उद्यान प्राप्त हुआ।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे। 2/5

# जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व अटल उद्यान का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण



प्रसारण न्यूज ✦ रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बने इस हेतु नगर निगम द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड व करमदी रोड स्थित अटल उद्यान का निरीक्षण पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील व निगम अधिकारियों के साथ किया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरे से बनाई जा रही खाद का अवलोकन कराया तथा कचरा पृथक्कीकरण व वृहद स्तर पर खाद बनाने हेतु चर्चा की गई। इसके अलावा कचरा पृथक्कीकरण हेतु लगाई गई फटका व बेलिंग मशीन का अवलोकन कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाये।

करमदी रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर निगम द्वारा विकसित किये गये उद्यान का अवलोकन निगम आयुक्त श्री झारिया ने डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील को करवाकर बताया कि निगम द्वारा यहां पर कचरे के ढेर पर उद्यान विकसित किया गया है जिससे कचरे का निपटान होने के साथ ही नगर के नागरिको को शहर का सबसे बड़ा उद्यान प्राप्त हुआ।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे। प्रसारण